**दिनांक : 09.02.2025** **समय : 7.10पीएम**

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

**सांध्यकालीन समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री कल परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों से करेंगे संवाद।
- मुख्यमंत्री कल महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत अगली किस्त करेंगे जारी।
- केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्‌टर ने भोपाल में आम बजट पर की चर्चा।
- भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा एक दिवसीय मैच कटक में जारी। भारत को 305 रनो का लक्ष्य।

**समाचार विस्तार सेः–**

**परीक्षा पे चर्चा–प्रदेश**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह11 बजे देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। नई दिल्ली में आयोजित हो रहे कार्यक्रम के लिए प्रदेश से 18 लाख 27 हजार विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने अपना पंजीयन कर सहभागिता की है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन के डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया एवं ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट, उलहवअ.पद, यूट्यूब, फेसबुक लाइव, स्वयंप्रभा चैनल, दीक्षा चैनल एमओई पर भी होगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय से विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। प्रदेश के राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद और सभी जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थानों में हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विद्यार्थियों की लाइव प्रसारण में सहभागिता होगी। स्कूलों में टीवी प्रसारण के अलावा, इंटरनेट पर भी कार्यक्रम देखने की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों में आकाशवाणी के माध्यम से प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का पहला संस्करण वर्ष 2018 में हुआ था। इस वर्ष इस कार्यक्रम का आठवाँ संस्करण है।

**परीक्षा पे चर्चा**

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर रायसेन में तैयारियां जारी है। रायसेन के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य आर.के.रूद्र ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया ......

वहीं छिंदवाड़ा की छात्रा रीया पाल ने कार्यक्रम को लेकर अपने विचार साझा किए।

**लाड़ली बहना योजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल देवास जिले के पीपलरावां में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और किसान कल्याण योजना के हितग्राही किसानों के खातों में राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव हितग्राहियों से संवाद कर योजना के लाभ की जानकारी भी लेंगे। मुख्यमंत्री एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपये और किसान कल्याण योजना में 81 लाख हितग्राही किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपये अंतरित की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 144 करोड़ के 53 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी करेंगे।

**महाकुंभ–राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल प्रयागराज महाकुंभ जाएंगी। वे गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगी। राष्ट्रपति अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर के भी दर्शन करेंगी। वे डिजिटल महाकुंभ केंद्र में आधुनिक तकनीक के माध्यम से महाकुंभ की गहनता के बारे में जानकारी लेंगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

**मुख्यमंत्री जीआईएस**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न पर काम करते हुए मध्यप्रदेश तेजी के साथ एक मजबूत स्टार्ट–अप हब के रूप में उभर रहा है। प्रदेश सरकार नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए युवा उद्यमियों की आकाँक्षाओं के अनुकूल स्टार्ट–अप कल्चर को विकसित करने की दिशा में प्रभावी रणनीति अपना रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि आगामी 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कई मायनों में खास होगी। समिट में कई देशों के उद्यमी एवं निवेशक शामिल होंगे। इससे हमारे युवा उद्यमियों को अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी और नवाचारों का ज्ञान मिलेगा और मध्यप्रदेश के स्टार्ट–अप्स को नई उड़ान मिलेगी।

**केंद्रीय बजट**

केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने आज भोपाल में आम बजट की विशेषताएं बताई। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखा गया है। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग को टैक्स में जितनी राहत इस बार दी गई वह अपने आप में एक रिकार्ड है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2013–14 का बजट 16 लाख 65हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50 लाख 65हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। जो कि तीन गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि पीएम धन–धान्य योजना को देश के 100 जिलों में संचालित किया जाएगा और यह योजना अधिकतम ऐसे क्षेत्रों में चलाई जाएगी जहां कृषि उत्पादन अपेक्षाकृत कम होता है। इस योजना के माध्यम से देश के 1 करोड़ 70 करोड़ किसानों को लाभ प्राप्त होगा।

पत्रकार वार्ता में बजट में मध्य प्रदेश को लेकर किए गए प्रावधानों के बारे में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कपास उत्पादन से लेकर कपास आधारित रोजगार और कपड़ों के निर्यात से मध्यप्रदेश को लाभ मिलेगा।

**मौसम**

मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर भारत में बर्फबारी होने से प्रदेश में भी ठंड का असर बढ़ा है। प्रदेश में पहली बार फरवरी में रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया। शनिवार रात शहडोल के कल्याणपुर में पारा 4.6 डिग्री रहा। भोपाल समेत 17 शहरों में ठंड बढ़ने के साथ तापमान 10 डिग्री के नीचे पहुंच गया। अशोकनगर के आंवरी में 4 दशमलव 8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। इसके अलावा मंडला, नौगांव, पचमढ़ी, सिंगरौली में भी ठंड का प्रभाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने कल से ठंड में कुछ राहत की संभावना जताई है।

**पैरा तीरंदाजी एशिया कप**

थाईलैंड में चल रहे पैरा–तीरंदाजी एशिया कप में भारतीय पैरा–तीरंदाजों ने आज रिकर्व ओपन और कंपाउंड ओपन मिक्स्ड टीम स्पर्धाओं में दो और स्वर्ण पदक जीत लिये हैं। इसके साथ ही भारत ने अब तक चार स्वर्ण और दो रजत सहित छह पदक जीत लिये हैं।

कल भारतीय तीरंदाज व्यक्तिगत स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबलों में खेलेंगे।

**क्रिकेट**

भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा एक दिवसीय मैच ओडिसा के कटक में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 305 रनों का लक्ष्य दिया है। जिसके जवाब में भारत ने खबर लिखे जाने तक 7 ओवर में बिना विकेट खोए 56 रन बना लिये थे। आज के मैच में विराट कोहली और वरूण चक्रवर्ती भारतीय टीम की ओर से खेल रहे हैं। भारत तीन मैचों की श्रृंखला में 1–शून्य से आगे है। श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच बुधवार को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

**समाचार संक्षेप में .....**

- मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने आज अपने पद से इस्तिफा दे दिया। राज्यपाल ने उनसे अगले मुख्यमंत्री के चयन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर पद संभालने को कहा है।
- केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कल शिवपुरी जिले के कोलारस में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होंगे और जनसुनवाई करेंगे। केंद्रीय मंत्री बदरवास के ग्राम बीजरौनी तथा रन्नौद के ग्राम रामगढ़ भी जाएगें।
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय भोपाल में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि "संभावना" का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आज गोण्ड जनजातीय के गुदुमबाजा, नौरता नृत्य और निमाड़ी गायन की प्रस्तुति दी गई।
- खंडवा में आज स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 75 बच्चों का नेत्र, जनरल एवं दंत परीक्षण कर आवश्यक दवाईयां तथा चश्में का नंबर और चश्में प्रदान किये गए।
- मुरैना में सायबर अपराधियों से आमजन को सुरक्षित बनाये रखने के लिये पुलिस द्वारा संचालित सेफ क्लिक अभियान के तहत आयोजित गतिविधियों में क्विज स्लोगन एवं वीडियो प्रदर्शन के माध्यम से लोगों को जागरूकता किया जा रहा है।
- श्योपुर, कलेक्टर अर्पित वर्मा ने तेज आवाज में बजने वाले डीजे और लाउडस्पीकर पर सख्त कार्यवाही के निर्देश एसडीएम को दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे डीजे संचालक जो नियमों का उल्लघंन करते हैं या समय सीमा का ध्यान नहीं रखते हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

————————